टूटी हॉकी से की प्रैक्टिस, अब खेलेगी एशिया कप

बेहद प्रेरणादायक है नौशीन का संघर्ष, परिवार की तीन बेटियां हॉकी में कर रहीं नाम रोशन

सिवनी नवभारत। नौशीन नाज वो नाम है, जिसे कल तक केवल सिवनी में हॉकी खेल से जुड़े खेलप्रेमी ही परिचित होंगे, लेकिन अब यह नाम एशिया कप में अपना हुनर दिखायेगा। नौशीन नाज ने अपनी प्रतिभा का ऐसा लोहा मनवाया कि सिवनी में हॉकी की प्रैक्टिस करने से शुरू हुये लंबे सफर को तय करते हुए एक बड़ी मंजिल तक पहुँच गयी। नौशीन के हॉकी खेल की प्रतिभा ने सेलेक्शन टीम को इस तरह प्रभावित किया कि वे अब जापान में होने वाले एशिया कप में खेलेंगी। उनका परिवार इस बड़ी उपलब्धि से बेहद खुश और गर्व से भरा हुआ है।

स्थानीय हड्डी गोदाम क्षेत्र निवासी नौशीन नाज जब महज 10 वर्ष की थी तब अपनी बड़ी बहन तहूर व परिचित के कुछ लोगो को हॉकी खेलते देखकर मन करता था कि वह भी हॉकी खेले, लेकिन परिवार की सीमित से भी कम आय के चलते नई हॉकी खरीदना भी मुश्किल था। नौशीन के पिता अहफाज खान बताते हैं कि जब बेटी ने प्रेक्टिस के लिए नई हॉकी खरीदने की ख्वाहिश जताई तो पैसे न होने के कारण उन्हें बात को टालना पड़ता था। तब नौशीन ने अपने परिचित से टूटी हॉकी लेकर उसे रिपेयर करवाया और उसी टूटी हॉकी से लगातार प्रेक्टिस करती रहीं। उनकी प्रतिभा ही थी कि वे उसी हॉकी से खेलेकर अपना प्रदर्शन बेहतर करती रहीं। बाद में खेल के प्रति समर्पण देखकर पिता ने उन्हें दो नई हॉकी खरीदकर दीं।

एकेडमी में बनाई जगह, फिर लगातार हासिल किए मैडल

ग्वालियर एकेडमी में नौशीन ने अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई और उन्होंने कभी अपनी मजबूरियों और परिवार की हालत को आड़े नही आने दिया। महज 10 वर्ष की उम्र से हॉकी खेलना शुरू करने वाली 15 वर्षीय नौशीन ने पांच वर्ष के कैरियर में कई मैडल अपने नाम किये हैं। 2025 में हैदराबाद में सिल्वर मैडल हासिल किया। इसके बाद हाल ही में रांची झारखंड में उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए सिल्वर मेडल से नवाजा गया। वहीं एक माह पहले ही राजनांदगांव (छग) में वेस्ट जोन में गोल्ड मैडल पाया।

तीनो बेटियां हॉकी खिलाड़ी

अहफाज खान की तीन बेटियों की संघर्ष की कहानी बेहद ही प्रेरणादायक हैं। जहां पिता ने अपनी तीनो बेटियों के हुनर को पहचानते हुए हॉकी को समर्पित कर दिया वहीं बेटियों ने भी पिता का सिर हमेशा गर्व से ऊंचा ही किया। अहफाज खान बताते हैं कि उन्होंने खुद कभी हॉकी नही खेला लेकिन बेटियों को भी कभी नही रोका। बड़ी बेटी तहूर नाज ने परिवार में सबसे पहले हॉकी खेलना शुरू किया जिसके बाद नौशीन और फिर सबसे छोटी बेटी तवारिक नाज भी हॉकी खेलने लगीं। अब तीनो बेटियों में अपनी अलग पहचान बनाकर परिवार के साथ जिला का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर बना चुकी हैं। 15 वर्षीय नौशीन सबजूनियर राष्ट्रीय हॉकी में सेंटर फॉरवर्ड खिलाड़ी हैं। वहीं तहूर नाज और तवारिक नाज भी प्रदेश की टीम से खेलते हुए कई मैडल अपने नाम कर चुकी हैं।

एशिया कप में बनाई जगह

नौशीन अब आगामी 29 मई को एशिया कप में खेलने के लिए जापान रवाना होंगी। यह उपलब्धि बड़ी इसलिये भी है क्योंकि सीमित साधनों के बावजूद नौशीन सहित दोनो बेटियों ने वह कर दिखाया जो कई संसाधनों के बावजूद कई खिलाड़ियों को नही मिल पाता। पिता अहफाज खान ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एशिया कप के बाद बेटी नौशीन भारतीय हॉकी में देश का नाम रोशन करेगी।

न्यू पहल ने किया सम्मान

न्यू पहल एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मिनहाज अहमद व पदाधिकारियों ने मंगलवार को नौशीन के घर पहुँचकर पिता अहफाज खान का शॉल व फूल मालाओं से स्वागत कर बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसरो से प्रशिक्षण व अंतरिक्ष अनुसंधान के हुनर सीखकर लौटी इशू पटले

सिवनी नवभारत। विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में जिले के लिए गर्व का एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां से कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा ईशु पटले पिता गणेश पटले का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम 'युविका-2026' में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल इशू पटले और विद्यालय, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए सम्मान का विषय है।

देशभर में STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष कुल 456 विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य से छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन चुनिंदा विद्यार्थियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां की प्रतिभाशाली छात्रा इशू पटले का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खास बात यह भी है कि जबलपुर संभाग के सिवनी जिले के विकास खंड बरघाट से 3 छात्र चयनित हुए हैं। विद्यालय के शिक्षक कोमल गढ़पाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि युविका कार्यक्रम में चयन के लिए कई स्तरों पर कठिन मानदंड निर्धारित होते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ईशु को इसरो द्वारा 07 दिनों का विशेष प्रशिक्षण 20 से 27 अप्रैल तक दिया गया। इस दौरान उन्हें इसरो की प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं बैंगलोर, चेन्नई व श्रीहरिकोटा के साथ चुनिंदा म्यूजियमों का भ्रमण करने, अंतरिक्ष अनुसंधान, रॉकेट प्रक्षेपण, उपग्रह प्रक्षेपण आदि की बारीकियों को समझने और आधुनिक तकनीकों को करीब से देखने का अवसर मिला। इशू पटले की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

एक नजर में

विद्यार्थियों को वितरित की गयी साईकिल

सिवनी। शासकीय हाईस्कूल परासिया में अध्ययन करने वाले विधार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सायकल वितरित की गयी इस अवसरपर प्राचार्य संगीता ठाकरे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

हॉकी खिलाड़ी दानिश का टॉप करने पर सम्मान

सिवनी। खेल और युवा कल्याण विभाग के हॉकी के बोर्डिंग के खिलाड़ी दानिश खान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल से कामत संकाय से 12वीं कक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले को तथा खेल विभाग को गौरांवित किया है इन्हें शिक्षा मंत्री द्वारा भोपाल में सम्मानित किया गया है दानिश खान द्वारा खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अग्रणी रहकर मिसाल कायम की है जिससे खिलाड़ियों में भी पढ़ाई के प्रति जोश पैदा हुआ है श्रीमती मकसूद मिर्जा पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा दानिश खान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा श्रीमती मनु धुर्वे खेल अधिकारी श्री डी एल गौर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ खालिद उमर मुन्ना दादा फैजल खान हेमा गौर कलाम खान एस बी मिर्जा राशिद कुरैशी मिंटू पाशा तथा सभी हॉकी क्लब के पदाधिकारी द्वारा दानिश खान को सम्मानित किया गया सभी खिलाड़ियों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर क्रिकेट संघ के अजय मिश्रा अलीम भाई मौलाना कलीमुद्दीन इमरान भाई नजीर भाई इसरार खान रमिश खान की उपस्थिति रही।

नेशनल लोक अदालत 9 मई को

सिवनी। शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

जनगणना : मकान सूचीकरण कार्य के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

सिवनी, नवभारत। भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महत्वपूर्ण कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नेहा मीना द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस अवधि में जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा।

जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारी को कलेक्टर से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

मलारा सब-स्टेशन की क्षमता में हुई वृद्धि

सिवनी नवभारत। विकासखंड बरघाट अंतर्गत धारना विद्युत वितरण केंद्र मलारा 33/11 केवी उपकेंद्र में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पूर्व में उपकेंद्र में 1.5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित था, जिसके कारण क्षेत्र में वोल्टेज की कमी एवं ओवरलोडिंग की समस्या बनी रहती थी। विधायक बरघाट कमल मर्सकाले एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से अब क्षेत्र में दिन के समय भी सुचारू विद्युत आपूर्ति संभव हो सकेगी।

नारी पैड बैंक सेंटर का शुभारंभ, महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में बढ़ा कदम

सिवनी नवभारत। सिवनी शहर में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार, 29 अप्रैल को होटल बाहुबली में नारी पेड बैंक के दो नए सेंटरों का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में जिलेभर से महिलाओं ने भाग लेकर इस नई योजना के प्रति उत्साह और समर्थन व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन उपस्थित रहे। उनके साथ प्रमुख समाजसेवी संतोष अग्रवाल मुनिया टांक सहित समाजसेवी महिलाएं पुष्पा मेहदी, दत्ता रुक्मड़ी, सनोडिया, पायल देशमुख, अर्चना सुक्ला, ममता बिसेन, रीना राय, रेनू श्रीवास्तव, सरिता अमरोदिया सहित दो दर्जन से अधिक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अतिथियों ने भारत माता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

नारी पेड बैंक योजना के स्टेट हेड दिनेश कुमार ने उपस्थित महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगी। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से जुड़कर महिलाएं न केवल स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।

जिला हेड राकेश शर्मा ने भी अपने संबोधन में योजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और महिलाओं को मिलने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नारी पेड बैंक महिलाओं के लिए रोजगार, आर्थिक सहयोग और सामाजिक सम्मान का नया मंच बनेगा।

मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने संबोधन में नारी पेड बैंक योजना की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली ऐसी योजनाएं समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस योजना के संचालन एवं विस्तार के लिए वे हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। विधायक ने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तभी समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सेंटर इंचार्ज श्रीमती किरण ठाकुर एवं सरिता राय द्वारा सभी अतिथियों, महिलाओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि नारी पेड बैंक सेंटर महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता, रोजगार और सम्मान की नई राह खोलेगा।

जूनियर विश्व कप में हेमंत बर्मन ने जीता रजत पदक

सिवनी नवभारत। 19-27 अप्रैल तक इजिप्ट के काहिरा में चल रही राइफल/पिस्टल/शॉटगन शूटिंग जूनियर विश्व कप प्रतियोगिता में कुरई विकासखंड स्थित छोटे से गाँव कोदाझिरी के हेमंत बर्मन ने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल में रजत पदक प्राप्त किया। हेमंत बर्मन, भूतपूर्व शिक्षक भारत बरमैया (बटोही) के सुपौत्र (नाती) हैं, हेमंत ने पूरे बरमैया परिवार को गौरवांवित किया है, उनकी इस उपलब्धि पर शुभेच्छुओं ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

कातलबोड़ी पंचायत में हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

सिवनी नवभारत। कातलबोड़ी पंचायत में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में समाजसेवी डॉ. राजकुमार सनोडिया को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिन्होंने पिछले 25 वर्षों से किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव के रूप में क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। इस दौरान पंचायत की जमीनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया।

बैठक में पानी की कमी, सरकारी कर्मचारियों के असहयोग और विकास कार्यों में देरी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। बताया गया कि विधायक निधि से स्वीकृत लगभग 10 लाख रुपये के कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। साथ ही श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों के लिए प्रस्तावित व्यवस्थाएं भी अधूरी हैं।

कार्यक्रम के दौरान नए पटवारी का स्वागत भी किया गया। वहीं, विधायक के हालिया दौरे में स्थानीय कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की उपेक्षा का मुद्दा भी सामने आया। स्कूल परिसर के विकास के लिए जनभागीदारी से राशि एकत्र होने के बावजूद सहयोग न मिलने पर भी चिंता जताई गई। बैठक में निष्पक्ष विकास और शिक्षा के क्षेत्र में समान प्राथमिकता की मांग उठाई गई।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के कातलबोड़ी आगमन पर इसी गाँव में स्वागत बेला से लेकर अन्य कार्यक्रम थे परन्तु कार्य कर्ताओं एवं मात्रशक्तियों के सपने फुल माला बुके सब धरे की धरे रह गये यह सही नहीं है। कातलबोड़ी पाठ शाला में बारहवीं तक अध्ययन बेटे बेटियों सहित शाला परिवार सामाजिक कार्यकर्ता डा राजकुमार सनोडिया ने भी तकरीबन पांच सौ से अधिक बच्चे कातलबोड़ी की पाठ शाला में अध्ययनरत है उहोंने पत्र के माध्यम से कुछ मांग की थी परन्तु विधायक जी द्वारा बच्चों के भाग्य विधाताओं के सम्मान मे एक शब्द ना बोलना किस बात को दर्शाता है।

आरोप | पंचायतों में एक निजी तथा प्रायवेट संस्थान के द्वारा हेल्थ कार्ड के नाम पर की जा रही 70 से 100 रूपए की अवैध वसूली

बरघाट जनपद की नाक के नीचे हेल्थ कार्ड के नाम पर वसूली

धारनाकला नवभारत। वैसे तो भारत सरकार के द्वारा आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता पर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा व उपचार की सुविधा हर नागरिक को वैधानिक तौर पर उपलब्ध है किन्तु बरघाट जनपद की नाक के नीचे पंचायतो मे एक निजी तथा प्रायवेट संस्थान के द्वारा हेल्थ कार्ड के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश मे आया है जो ग्रामीण अचंलो तथा पंचायतो मे घूम घुम कर तथा हर नागरिक से 70 से 100 रूपये की राशि यह कह कर वसूल कर रही है की उनकी गम्भीर से गम्भीर बीमारी का इलाज निशुल्क किया जायेगा और इस झांसे मे पंचायत के भोले भाले ग्रामीण फंसकर अपना हेल्थ कार्ड बनवा रहे है जबकि वास्तविकता यह है की पंचायतो मे बनाये जा रहे यह हेल्थ कार्ड की सुविधा शासन स्तर पर किसी भी सरकारी अस्पताल मे उपलब्ध नही है ऐसी स्थिति मे लाखो से करोडो रूपये की वसूली का हेल्थ कार्ड के नाम पर वसूली का खेल जनपद पंचायत बरघाट सी ई ओ के नाक के नीचे कैसे फलीभूत हो रहा है

चिकित्सालय के नाम पर बनाये जा रहे हेल्थ कार्ड

प्राप्त जानकारी के अनुसार बनाये जा रहे हेल्थ कार्ड चिकित्सायम मानव सेवा संस्थान प्रा. लि. भारत सरकार के startup indiya कार्यक्रम एवं म. प्र. Startup centar मान्यता प्राप्त है तथा राष्टीय स्तर पर विभिन्न संस्थानो के सहयोग जिनमे द्यद्यरूस्र अस्पताल भी शामिल है तथा जहा तक उद्देश्य की बात करे तो हेल्थ कार्ड पर यह दावा किया जा रहा है की ग्रामीण और मध्यम वर्गीय परिवारो को समय पर सही अस्पताल सही योजना और सही इलाज की जानकारी उपलब्ध हो ताकि उन्हे आर्थिक संकट के सामना से न गुजरना पडे और उपचार मे देरी न हो चिकित्सायम के प्रमुख आशीष ठाकरे मानव सेवा संस्थान यह भी दावा करते है की हेल्थ कार्ड के माध्यम से GIA DHR AllMS के सहयोग से सर्वाइकल कैसर की जांच महिलाओ मे गर्भाशय कैसंर की प्रारम्भिक पहचान हेतू महंगी जांच को हम गांव गांव व कस्बे कस्बे मे निशुल्क करते रहे है और इससे पांच वर्ष पहले ही बीमारी का पता चल सकेगा

इनके दावे मे यह भी शामिल है की प्रत्येक परिवार को एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जायेगा जिसका शुल्क केवल 70 रूपये है जिसे केवल सक्षम परिवार ही देगे जिनके पास तत्काल सामर्थ्य नही है वे आवश्यकता पडने पर बाद मे भी भुगतान कर सकते है।

इसके साथ ही सुविधा मे एनजीओ व चैरिटेबल अस्पताल सहयोग जो परिवार सरकारी योजना के पात्र नही है उनके लिये चैरिटेबल हास्पिटल और एनजीओ के फंड से सहयोग उपलब्ध करायेंगे तथा राज्य रोगी सहायता कोष और प्रधान मंत्री राष्टीय राहत कोष जैसी योजनाओ [40000 से 500000] तक की पात्रता होने पर परिवारो को इन योजनाओ का लाभ दिलवाने मे मार्गदर्शन करेगे तथा स्थानीय भाषा मे छोटे छोटे डिजिटल वीडियो और हेल्प लाइन के माध्यम से परिवारो को योजनाओ व अस्पताल की प्रक्रिया सरल भाषा मे समझायेंगे

इतनी विशेषता ओ के साथ ग्राम पंचायतो मे मतदाताओ के चिकित्सायम के नाम पर हेल्थ कार्ड बनाये जा रहे है जबकि कुछ पंचायतो ने हेल्थ कार्ड के नाम पर राशि वसूली तथा कार्ड बनाने के लिये साफ इंकार कर दिया था

सीईओ बरघाट ने सरपंच सचिवों से की अपील

जब इस सम्बन्ध मे बरघाट जनपद सी ई ओ को जानकारी प्राप्त हुई तो जनपद सी ई ओ प्रतिभा परते के द्वारा पंचायत सरपंच सचिवो से जुडे सोशल मीडिया ग्रूप मे यह लिखा की कोई व्यक्ति घूम रहा है उनसे कार्ड किसी को नही बनवाना है इसके बाद सरपंच तथा सचिव को भी ज्ञात हुआ की हेल्थ कार्ड मतदाताओ के बनाने के प्रशासनिक दिशा निर्देश नही है किंतु तब तक बरघाट जनपद की कुछ पंचायतो मे शुल्क लेकर यह कार्ड बनाये जा चुके थे।

भर्ती की निविदा भी आन लाईन देखी जा सकती है

यहा यह भी उल्लेखनीय है की चिकित्सायम के नाम पर विभिन्न पदो के लिये भर्ती की निविदा भी आन लाईन देखी जा सकती है जिसमे स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सेवा संरचना विकास मिशन के अन्तर्गत संस्थागत सहभागिता प्रणाली हेतू आवेदन आमंत्रित किए गए है जिसमे चिकित्सायम मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलो उप जिलो मे समाज आधारित स्वास्थ्य सेवा संरचना जन जागरूकता विस्तार एवं सामुदायिक सेवा तंत्र निर्माण हेतू संगठित सेवा प्रणाली का विकास जा रहा है उक्त प्रयोजनार्थ योग्य अभ्यर्थी यो से 01 फरवरी से 25 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित करते हुऐ जिला सेवा समन्वय अधिकारी 55 पद सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा अधिकारी स्वास्थ्य मित्र 1070 पद की भर्ती निकाली गई थी और आवेदन शुल्क के रूप मे 840 से 540 रूपये तक आनलाइन आवेदन शुल्क ली गई तथा परीक्षा भी आनलाईन ही सम्पन्न होकर रह गई क्या वास्तविक मे इतने पदो की भर्ती हुई यह जांच का विषय है ।

एक ही विकास खंड में करोड़ों का खेल

उल्लेखनीय है बरघाट जनपद के अन्तर्गत 90 पंचायते आती है और बरघाट विकास खंड और विधानसभा की बात करे तो वर्ष 2022 की स्थिति मे यहा महिला तथा पुरुष मतदाताओ की संख्या 145753 है तथा स्वास्थ्य सुविधा के हिसाब से हेल्थ बनते है तो करोडो रूपये की राशि हेल्थ कार्ड के नाम पर जमा होती है और जिले मे यह अभियान चला तो अन्दाजा लगाया जा सकता है हेल्थ कार्ड के नाम पर बिना प्रशासनिक सहमति और अनुमति के यह कार्ड कैसे बन रहे है जांच का विषय है।

क्या कहते है चिकित्सालय के संचालक तथा सीईओ

जब इस सम्बन्ध मे इनसे बात की गई तो इनका कहना है हमे हेल्थ कार्ड बनाने के लिये जिला कलेक्टर अथवा किसी प्रशासनिक अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता नही है हमारा रजिस्टर्ड तथा प्रायवेट संस्थान है और हम तथा हमारा संस्थान हेल्थ कार्ड बनाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

गोपालगंज स्कूल में साईकिल वितरण के दौरान अव्यवस्थाएं, छात्र-छात्राओं को हुई परेशानी

सिवनी नवभारत। शास. उच्च माध्य. विद्यालय गोपालगंज, में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं की कमी और अव्यवस्थाओं के कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं, लेकिन कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित नहीं होने से कई समस्याएं सामने आईं।

जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा 6वीं से 9वीं तक के पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान पर्याप्त प्रबंधन नहीं होने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित रही। कई छात्राओं को लंबा इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ को आवश्यक सुविधाओं और समुचित मार्गदर्शन के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, लेकिन उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से कार्यक्रम में अव्यवस्था का माहौल बना रहा। शासन द्वारा छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से योजना चलाई जा रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की गई। अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन अधिक सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए।

समक्ष - श्रीमान थाना प्रभारी महोदय, थाना कोतवाली सिवनी जिला सिवनी म.प.

रजिस्ट्री गुमी

मैं शपथकर्ता रविशंकर नागेश पिता श्री थानी नागेश उम्र लगभग 56 वर्ष, जाति कतिया निवासी- ग्राम प्रतापगढ़, तह. छपारा, जिला सिवनी म.प्र. का निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:- 1. यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि, मैं शपथकर्ता के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मौज ग्राम सिमरिया रजिस्ट्री नंबर MP 368092016 A 1103980 प.ह.नं. 25/45, रा.नि.म. छपारा, तह. छपारा जिला सिवनी म.प्र. में स्थित ख.नं. 20/1 रकबा 0.38 हे. में से 0.12 मुताबिक नाप 60X48=2880 वर्गफुट राजस्व अभिलेख में दर्ज है। 3. यह कि, मैं शपथकर्ता द्वारा दिनांक 28/03/2026 को उक्त वर्णित संपत्ति के आधार पर राशि 15,00,000/- पंद्रह लाख रुपए का लोन प्राप्त किए जाने हेतु वेरीटास फायनेंस लिमिटेड सिवनी में उपस्थित हुआ। उक्त दिनांक को ही उक्त वर्णित संपत्ति में मॉडर्गेज कराये जाने हेतु समस्त मूल दस्तावेजो के साथ कचहरी परिसर सिवनी गया तथा मॉडर्गेज के दौरान ही समस्त मूल दस्तावेजो में से संपत्ति की मूल रजिस्ट्री की गुम हो गई, जो अत्याधिक खोजने में भी अप्राप्त है। 4. यह कि, मैं शपथकर्ता की गुम हुई संपत्ति की मूल रजिस्ट्री का कोई दुरुप्रयोग ना करे इस हेतु उक्त आवेदन / शिकायत पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे स्वीकार किए जाना न्यायोचित होगा। 5. यह कि, मैं शपथकर्ता का उक्त शपथपत्र स्वीकार किए जाकर वर्णित कथनो के आधार पर मेरी संपत्ति की गुम हुई मूल रजिस्ट्री पर अग्रिम कार्यवाही किए जाने की असीम कृपा करे। 6. यह कि, मैं शपथकर्ता द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर मैं शपथकर्ता स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

स्थान-सिवनी,
दिनांक:- 22/04/2026

शपथकर्ता
रविशंकर